# University in News on 01 January 2022

NBT PAGE 4

## आज हबीबुल्लाह हॉस्टल में सजेगी आरोग्य वाटिका

■ एनबीटी सं, लखनऊः एनबीटी आरोग्यम अभियान के तहत शनिवार को लखनऊ विवि के हबीबुल्लाह छात्रावास में आरोग्य वाटिका लगाई जाएगी। यह आयोजन सुबह 11 बजे होगा, जिसमें लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में सिमैप के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजेश वर्मा और मनोज सोमवाल औषधीय पौधे रोपने और उनके इस्तेमाल के बारे में बताएंगे। इनके साथ कूड़ा प्रबंधन विशेषज्ञ मेवालाल घरेलू कचरे से खाद बनाने की आसान तकनीक के बारे में बताएंगे तो पर्यावरणविद् चंद्रभूषण तिवारी पौधरोपण की उपयोगिता के बारे में बताएंगे। कार्यक्रम में एलयू की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन और हबीबुल्लाह छात्रावास के प्रोवोस्ट डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री भी मौजूद रहेंगे।

i-NEXT PAGE 3

## बीटेक, बीसीए के एग्जाम आज से

लखनऊ यूनिवर्सिटी के इस एग्जाम में शामिल होंगे करीब 1100 स्टूडेंट्स

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (31 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में संचालित बीटेक, बीसीए और एमसीए कोर्सेज के आड सेमेस्टर एग्जाम शनिवार से शुरू होंगे. पहले दिन बीटेक थर्ड सेमेस्टर, एमसीए फिफ्थ सेमेस्टर और बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर के अलग-अलग सब्जेक्ट के एग्जाम होंगे. यूनिवर्सिटी के एग्जाम कंट्रोलर प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बीटेक, बीसीए व एमसीए के ऑड सेमेस्टर एग्जाम में करीब 1100 स्टूडेंट्स शामिल होंगे.

**बनाए गए सेंटर**

बीसीए के एग्जाम के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं. इनमें लखनऊ यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट न्यू कैम्पस, लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर, सीडी गर्ल्स डिग्री कालेज फैजाबाद रोड और एसकेडी एकेडमी वृंदावन योजना रायबरेली रोड शामिल है. उन्होंने बताया कि इन सेंटर्स पर लखनऊ यूनिवर्सिटी सहित 19 कालेजों के स्टूडेंट्स एग्जाम देंगे.

**आज होंगे ये एग्जाम**

परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक एक जनवरी को बीटेक थर्ड सेमेस्टर में मैथमैटिक्स-3, एमसीए फिफ्थ सेमेस्टर में सिस्टम एनालिसिस एंड डिजाइन और बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर में डाटा कम्युनिकेशन एंड कंप्यूटर नेटवर्क सब्जेक्ट का एग्जाम होगा.

JAGRAN CITY PAGE I



हमारा प्रयास लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में फैकल्टी सदस्यों की कमी को दूर करने, मानव संसाधन कायाकल्प करने, एनआइआरएफ में बेहतर रैंक, विभागों में सभागारों की पुनर्रचना, विश्वविद्यालय की आंतरिक आत्मा को मजबूत करने जैसे उपलब्ध बुनियादी ढांचे को और बेहतर बनाने की दिशा में हमारा प्रयास रहेगा।

**प्रो आलोक कुमार राय**, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय

DAINIK JAGRAN PAGE 9

## लवि विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन का प्रिंट 10 तक कर सकेंगे जमा

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने आनलाइन भरे हुए छात्रवृत्ति आवेदन का प्रिंटआउट जमा करने की तिथि निर्धारित कर दी है। छात्र-छात्राओं को आवेदन पत्र भरने के बाद सभी अभिलेखों के साथ उसे संबंधित विभागाध्यक्ष अथवा संकाय अध्यक्ष से प्रमाणित कराकर 10 जनवरी तक अनिवार्य रूप से इसका प्रिंट आउट विश्वविद्यालय के कैशियर कार्यालय के छात्रवृत्ति अनुभाग के काउंटर पर जमा करना होगा।

कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि लवि में सत्र 2021-22 में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के जिन विद्यार्थियों के माता-पिता की वार्षिक आय दो लाख रुपये तक है। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के माता-पिता की वार्षिक आय 2.50 लाख है, उन्हें दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए वेबसाइट scholarship.up.gov.in पर आनलाइन आवेदन फार्म भरना है। उसके बाद सभी अभिलेखों को विभागाध्यक्ष से अग्रसारित कराकर प्रिंटआउट जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**स्नातक सेमेस्टर परीक्षा के फार्म भरने में आ रही दिक्कत :** लवि के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के तमाम छात्र-छात्राएं शुक्रवार को भी आनलाइन परीक्षा फार्म भरने को लेकर परेशान रहे। परीक्षा फार्म अपलोड करते समय दिक्कत आ रही है। इसकी शिकायत उन्होंने परीक्षा विभाग से की। वहां से पांच दिन में समाधान होने की बात कही गई है। बीते 23 दिसंबर से स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। 12 जनवरी तक मौका दिया गया है, लेकिन दो दिनों से बीए, बीएससी, बीकाम प्रथम सेमेस्टर के कई विद्यार्थियों को फार्म भरने में दिक्कत हो रही है।

### बी.एससी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सात से

लवि के रसायन शास्त्र विभाग ने बी.एससी पांचवें सेमेस्टर एवं बी.एससी तृतीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि तय कर दी गई है। विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण सेठी के मुताबिक सात जनवरी को एमसी, जेडसी, जेनेटिक्स-जिनोमिक्स केमेस्ट्री एवं जियो-केमेस्ट्री विषय की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। आठ जनवरी को बीसी, पीसी, लेफ्टओवर एवं एग्जम्पटेड की परीक्षाएं हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 5

## अब पांच जनवरी तक जमा करें प्रवेश शुल्क

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आईएमएस, विधि संकाय को छोड़ अन्य पाठ्यक्रम के तीसरे, पांचवें, सातवें और नौवें सेमेस्टर 2021 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि पांच जनवरी तक बढ़ा दी गई है। छात्र-छात्राओं को संकायाध्यक्ष के माध्यम से लॉगिन आईडी से ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा करना होगा।

## छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 10 जनवरी तक

लखनऊ। लविवि के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सत्र 2021-22 में अध्ययरत छात्र-छात्राओं से समय से छात्रवृत्ति आवेदन करने को कहा है। आवेदन की अन्तिम तिथि 10 जनवरी है। निर्देश दिए गए हैं कि जो पात्र श्रेणी में आते हैं वे सभी समय से आवेदन scholarship.up.gov.in पर आवेदन प्रकिया पूरी कर लें।

## बीएससी केमिस्ट्री प्रैक्टिल परीक्षा सात से

अमृत विचार, लखनऊ। बीएससी पांचवे और तीसरे सेमेस्टर के छात्रों के केमेस्ट्री प्रैक्टिल सात एवं आठ जनवरी को होंगे। सात जनवरी को सुबह 10 से पांच बजे तक एमसी, जेडसी, जेनेटिक्स-जियोनॉमिक्स केमेस्ट्री और जियो केमेस्ट्री का प्रैक्टिकल होगा। वहीं आठ जनवरी को लेफ्ट ओवर और एग्जम्टेड का प्रैक्टिकल परीक्षा प्रस्तावित है। सभी छात्रों को अपने साथ आईडी कार्ड अनिवार्य रूप से लाना है। साथ ही प्रवेश पत्र लाना होगा। लेफ्ट ओवर और एग्जेमटेड छात्रों को 500 रुपए फीस ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा करनी होगी। प्रैक्टिल के दिन फीस रसीद साथ लाना होगा। केमेस्ट्री प्रैक्टिकल बीएससी केमेस्ट्री लैब में होंगे। छात्रों को समय से 30 मिनट पूर्व पंहुचना होगा।

JAGRAN CITY PAGE III

## बीटेक, बीसीए की सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने पूरी की तैयारी, पहले ही जारी हो चुका है प्रवेशपत्र **1100 विद्यार्थी** होंगे शामिल

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में संचालित बीटेक, बीसीए और एमसीए पाठ्यक्रम की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत शनिवार से होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र पहले ही जारी हो चुके हैं। पहले दिन बीटेक तीसरे सेमेस्टर, एमसीए पांचवें सेमेस्टर और बीसीए पांचवें सेमेस्टर के अलग-अलग विषयों की परीक्षाएं होंगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो.एएम सक्सेना ने बताया कि बीटेक, बीसीए व एमसीए की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में करीब 1100 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। बीसीए की परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। इनमें लखनऊ विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग संकाय नवीन परिसर, लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर, सीडी गर्ल्स डिग्री कालेज फैजाबाद रोड और एसकेडी एकेडमी वृंदावन योजना रायबरेली रोड शामिल है। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों पर लखनऊ विश्वविद्यालय सहित 19 कालेजों के छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

**पहले दिन इन विषयों की होगी परीक्षाएं :** परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक एक जनवरी को बीटेक तीसरा सेमेस्टर में मैथमैटिक्स-3, एमसीए पांचवें सेमेस्टर में सिस्टम एनालिसिस एंड डिजाइन और बीसीए पांचवें सेमेस्टर में डाटा कम्युनिकेशन एंड कंप्यूटर नेटवर्क विषय की परीक्षाएं होंगी। बीटेक की परीक्षा सुबह नौ से 12 बजे तक, एमसीए पांचवें सेमेस्टर और बीसीए पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी।

**नेशनल पीजी कालेज-आज जारी होंगे प्रवेश पत्र :** नेशनल पीजी कालेज में स्नातक की दिसंबर-2021 की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र एक जनवरी को जारी होंगे। कालेज के प्रवेश एवं परीक्षा समन्वयक डा. राकेश जैन ने बताया कि स्नातक तीसरे, पांचवें सेमेस्टर में बीए और बीएससी की परीक्षाएं पांच जनवरी से शुरू होंगी। परीक्षाओं के प्रवेश पत्र एक जनवरी से कालेज की वेबसाइट पर अपने लागिन पासवर्ड के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। स्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं में करीब 3800 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं का समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक संचालित होंगी।

## आर्ट्स कालेज में शुरू होगी एमएफए टेक्सटाइल की पढ़ाई

लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय (आर्ट्स कालेज) में नए सत्र से मास्टर आफ फाइन आर्ट (एमएफए) इन टेक्सटाइल की पढ़ाई शुरू हो सकेगी। इसमें छात्र-छात्राओं को टेक्सटाइल डिजाइन में अवध की चिकनकारी, वस्त्र कला के बारे में बताया जाएगा। कालेज ने इस कोर्स को बोर्ड आफ स्टडीज और फैकल्टी बोर्ड से पास करते हुए प्रस्ताव लखनऊ विश्वविद्यालय को भेज दिया है। वहां से एकेडमिक काउंसिल से मंजूरी मिलने के बाद नए सत्र में इस कोर्स में भी प्रवेश लिए जाएंगे। कला एवं शिल्प महाविद्यालय में चार डिग्री कोर्स, तीन मास्टर कोर्स के साथ-साथ कई डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं। ललित कला विभाग के विभागाध्यक्ष डा. संजीव किशोर गौतम ने बताया कि अभी तक बैचलर आफ फाइन आर्ट (बीएफए) इन टेक्सटाइल कोर्स संचालित है। इसके बाद एमएफए इन टेक्सटाइल के लिए छात्र-छात्राएं बीएचयू या विश्व भारती शांति निकेतन पश्चिम बंगाल में दाखिले के लिए जाते थे, लेकिन वहां सीट कम होने की वजह से बहुत से विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पाता था। अब यह कोर्स कला एवं शिल्प महाविद्यालय में भी शुरू करने की तैयारी है।

**नई शिक्षा नीति के तहत तैयार किया कोर्स :** विभागाध्यक्ष डा. संजीव किशोर गौतम के मुताबिक दो साल के इस मास्टर डिग्री कोर्स को नई शिक्षा नीति के तहत बनाया गया है। दाखिले विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा से लिए जाएंगे। इसमें पीजी करने के बाद विद्यार्थी पीएचडी भी कर सकेंगे।

**चार सेमेस्टर का होगा कोर्स :** यह नया कोर्स चार सेमेस्टर का होगा। इसमें अवध की वस्त्र कला से लेकर बेड शीट, साड़ियां, पर्दे आदि पर बनाई जाने वाली डिजाइन भी छात्र-छात्राएं सीख जाएंगी। विद्यार्थियों को कंप्यूटर के जरिए डिजाइन बनाने की सुविधा भी देने की तैयारी है।



RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7

## विद्यार्थियों की सुविधाएं बढ़ाये जाने की उम्मीद

### लविवि, माध्यमिक व बेसिक में उम्मीद-2022

**लखनऊ (एसएनबी)।** लखनऊ विश्वविद्यालय को बीते वर्ष 2021 में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। कोरोना महामारी के चलते विवि में प्रवेश प्रक्रिया तथा नया शैक्षिक सत्र शुरू करने में विलम्ब अवश्य हुआ, लेकिन पहली बार विवि ने आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अन्य चार जनपदों के महाविद्यालयों को अपने साथ जोड़ा तथा नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में जगह बनायी। अब आने वाले वर्ष 2022 में विद्यार्थियों की सुविधाओं को बढ़ाने के साथ ही सीतापुर में विश्वविद्यालय का नया परिसर खुलने की संभावना है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अभी लविवि के पास राजधानी में दो परिसर है। अब नए वर्ष में सीतापुर में लविवि का तीसरा परिसर शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए राज्य सरकार भवन उपलब्ध करा रही है। इसमें वोकेशनल और विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट के कोर्स शुरू किए जाएंगे।



उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में डीलिट पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने, जनवरी माह में एनआईआरएफ रैंकिंग में आवेदन करने, लगभग दो सौ संविदा शिक्षकों की भर्ती करने, विवि के बचे हुए शिक्षकों की पदोन्नति करने, ग्रुप सी व डी के पदों पर संविदा कर्मचारियों की भर्ती, पहली बार महाविद्यालयों के शिक्षकों को शोध का अवसर देने आदि की उम्मीद है।